अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - ※मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 352 | इंदौर, सोमवार 07 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ◆ब्रिक्स में एआई पर चर्चा, पीएम बोले

### अगले साल भारत में AI इम्पैक्ट समिट नसीहत भी दी



**रियो डी जेनेरियो, (एजेंसी) ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें जिम्मेदार AI के लिए मिलकर काम करना होगा। सभी देशों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए हम अगले साल भारत में AI इम्पैक्ट समिट आयोजित करने जा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप सभी इस समिट को सफल बनाने में सक्रिय रूप से योगदान देंगे।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'AI फॉर ऑल' के मंत्र पर काम करते हुए, आज भारत कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, शासन जैसे क्षेत्रों में AI का सक्रिय रूप से और व्यापक रूप से उपयोग कर रहा है। हमारा मानना है कि AI गवर्नेंस में चिंताओं का समाधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने को समान प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ऐसे वैश्विक मानक बनाने की जरूरत है जो डिजिटल कंटेंट की प्रामाणिकता को सत्यापित कर सकें, ताकि कंटेंट के स्रोत का पता चल सके, पारदर्शिता बनी रहे और दुरुपयोग को रोका जा सके। ब्रिक्स के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मजबूत करने' के विषय पर आयोजित सत्र के दौरान बड़ी ताकतों को नसीहत भी दी। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ हमें उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित और लचीला बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी देश इनका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए या हथियार के रूप में न करे।

### हिमाचल-17 दिन में 19 बार बादल फटे, 82 की मौत

**हिमाचल प्रदेश, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई तक बादल फटने की 19 घटनाएं हुईं। 23 बार बाढ़ और 19 बार लैंडस्लाइड हुई। राज्य में बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और इससे हुए सड़क हादसों में अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य में 269 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड के श्रीनगर में तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई है। इसके चलते बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। वाहनों को सुरक्षा के लिए रोक दिया गया है। मलबा हटाने का काम चल रहा है, लेकिन बरसात की वजह से दिक्कतें आ रही हैं।

# सीएम डॉ. यादव आज लुधियाना में करेंगे उद्योगपतियों से संवाद

## एमपी में निवेश के अवसरों को देंगे विस्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार का निवेश संवाद कार्यक्रम 'एडवांटेज एमपी' लुधियाना में आयोजित होगा। 7 जुलाई को लुधियाना में वर्ष का तीसरा बड़ा रोड शो आयोजित किया जा रहा है, जिसमें टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी जैसे क्षेत्रों से जुड़े दिग्गज उद्योगपति मध्यप्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं से रूबरू होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बेंगलुरु और सूरत में हुए निवेश रोड शो को बड़ी सफलता मिली थी। लुधियाना में यह कार्यक्रम राज्य की औद्योगिक क्षमताओं, स्थायी नीतियों और निवेश-अनुकूल माहौल को देशभर के निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बनेगा।**

### इंडस्ट्री विजिट्सः वर्धमान और दीपक फास्टनर का दौरा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना स्थित प्रतिष्ठित उद्योग समूहों वर्धमान टेक्सटाइल और दीपक फास्टनर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे उत्पादन, तकनीक और प्रबंधन से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी लेंगे और मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।



### वन-टू-वन मीटिंग्स में संभावनाओं पर सीधा संवाद

डॉ. यादव लुधियाना के उद्योगजगत की हस्तियों से व्यक्तिगत बैठकों के माध्यम से संभावित निवेश प्रस्तावों, औद्योगिक साझेदारी और सरकारी सहयोग की जरूरतों पर चर्चा करेंगे। इन संवादों का उद्देश्य व्यावहारिक, परिणामोन्मुखी और दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग को सशक्त बनाना है।

### ◆इंटरएक्टिव सेशनः 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन एमपी'

मुख्यमंत्री एक विशेष सत्र के तहत राज्य की नवीन औद्योगिक नीति, पीएम मित्र पार्क, टेक्सटाइल ओडीओपी, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और लॉजिस्टिक-क्लस्टर्स जैसी योजनाओं की जानकारी साझा करेंगे। यह सेशन लुधियाना के उद्यमियों के लिए निवेश की गहराई से समझ का अवसर होगा।

### ◆ट्राइडेंट ग्रुप मुख्यालय में हाई-टी इंटरएक्शन

डॉ. यादव ट्राइडेंट ग्रुप के मुख्यालय में आयोजित हाई-टी सत्र में भी भाग लेंगे, जहां कंपनी के नेतृत्व से संभावित साझेदारी और औद्योगिक विस्तार पर खुले संवाद होंगे। यह सत्र सहयोग, विश्वास और विकास की भावना को मजबूत करने वाला होगा।

# तैयार हुआ सिविल अस्पताल, 14 जुलाई को होगा लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की 65 साल पुरानी कॉलोनी नंदानगर में आठ करोड़ की लागत से सिविल अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। इस माह अस्पताल का लोकार्पण होगा। पहले यह अस्पताल प्रसूति अस्पताल था, लेकिन अब पचास बेड के इस अस्पताल में आपरेशन भी हो सकेंगे और जांचों की सुविधा भी रहेगी। इस सिविल हॉस्पिटल में ऑक्सीजन पाइप लाइन के अलावा मेडिकल जांच और इलाज से सम्बन्धित सारे संसाधन जुटा लिए गए।**

इस पांच मंजिला अस्पताल का काम तीन साल पहले शुरु हुआ था। पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नई बिल्डिंग बनाई गई। तलघर में पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। अस्पताल में तो लिफ्ट भी लगाई गई है। नन्दानगर के इस नए अस्पताल में वह सारी सुविधाएं होंगी जो 50 बेड के सिविल हॉस्पिटल में होती है। ऑपरेशन थियेटर और पैथालॉजी लैब के अलाव आईसीयू बेड भी रहेंगे। अस्पताल में पुरुष और महिला के अलावा बच्चों के अलग-अलग वार्ड होंगे। फिलहाल अस्पताल में डाक्टर्स सहित लगभग 30 कर्मचारियों का स्टाफ रखा गया है।इस सिविल हॉस्पिटल का वर्चुअली भूमिपूजन पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने 28 मई 2022 को किया था। 14 जुलाई को अस्पताल के लोकार्पण की तैयारी की जा रही है।



### 65 साल पहले बना था अस्पताल

इंदौर की श्रमिक कॉलोनी नंदानगर 65 साल से भी ज्यादा पुरानी है। कॉलोनी का लोकार्पण तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने किया था। तब यहां पर अस्पताल,श्रमिक विद्यापीठ, स्कूल भी बनाए गए थे। उस वक्त प्रसूति अस्पताल भी बना था। पुरानी बिल्डिंग काफी खराब हो चुकी थी। उसे तोड़कर स्वास्थ्य विभाग ने नई बिल्डिंग बनाई और अस्पताल की सुविधाएं भी बढ़ाई। इंदौर में सालभर पहले कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल भी बनकर तैयार हो चुका है। 300 करोड़ रुपये की लागत से बने अस्पताल में 500 से ज्यादा मरीज हर दिन इलाज के लिए आते है।

# अच्छी वर्षा का इंतजार... सिस्टम तो बन रहा, चक्रवात रोड़ा बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में जुलाई माह में आरंभ से ही अच्छी बारिश होती है, पर इस बार एक हफ्ता बीतने के बाद भी नगर में अच्छी वर्षा का इंतजार है। अभी तक नगर में जून और जुलाई में 145.1 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जुलाई की औसत वर्षा 310.1 मिमी है। 1 जुलाई से रविवार सुबह तक नगर में मात्र 10.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि सिस्टम तो बन रहा है, लेकिन चक्रवात इसमें रोड़ा बना हुआ है।**



जुलाई की बारिश ही गर्मी की तपन से राहत देती है, माह में आरंभ से तेज बारिश नहीं होने से उमस और गर्मी से इंदौरवासी परेशान हैं। बीते दिन नगर का औसत अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब पांच डिग्री कम था। हिंदू पंचांग के अनुसार जुलाई माह का आगमन आषाढ़ में हुआ है और 11 जुलाई से सावन माह लग जाएगा। पूरे जुलाई माह में सावन रहेगा। आषाढ़ महीना गर्मी और बारिश के बीच सेतु का काम करता है। वर्षा काल में जुलाई और अगस्त माह में ही अधिक वर्षा होती है।रविवार देवशयनी एकादशी होने के साथ भगवान श्रीहरि योग निद्रा में रहेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार अगले चार माह संसार का भार शिव के जिम्मे रहेगा। सावन महीने की शुरुआत होते ही सावन के सेरे आरंभ हो जाते हैं। अभी अच्छी बारिश नहीं होने से दुकानों पर रेन कोट और छातों की बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार है। जुलाई माह में वर्ष 2013 में 565.6 मिमी (22.3 इंच) और वर्ष 2015 में 560.4 (22 इंच) बारिश ने रिकॉर्ड कायम किया था। पिछले एक दशक में सबसे कम बारिश 2021 में 7 इंच और दशक में सर्वाधिक बारिश 2023 में 18 इंच दर्ज की गई थी। इस बार मई और जून माह में नगर में अच्छी बारिश हुई है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश दर्ज होगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की गतिविधियां इंदौर के क्षेत्र पर लगातार बनी हुई हैं, लेकिन कम दवाब का क्षेत्र और चक्रवात से बारिश नहीं हो रही है। आगामी एक दो दिनों में नगर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। बारिश का सिस्टम बन रहा है, यह अच्छी बारिश होने का सूचक है। मौसम विभाग के अनुसार कम दबाव का या निम्न दबाव का वह क्षेत्र होता है, जहां वायुमंडल में हवा का दबाव आसपास के क्षेत्र में कम हो जाता है और नव हवाएं निम्न दबाव के क्षेत्र में प्रवेश करती हैं। इससे बादल सक्रिय होते हैं जो वर्षा का कारण बनते हैं, लेकिन चक्रवात इस प्रणाली को सक्रिय नहीं होने देता है, जिससे बारिश नहीं हो पाती है।

## खजराना चौराहे से गणेश मंदिर जाने का रास्ता होगा सुगम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। रविवार को नगर निगम आयुक्त ने खजराना चौराहे पर सर्विस रोड के निर्माण काम का निरीक्षण किया। यहां के काम को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को 10 दिन में काम पूरा करने को कहा हैं। साथ ही लेफ्ट टर्न सर्विस रोड पर निर्माण काम के दौरान लोगों की सुरक्षा को देखते हुए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए।

बता दें कि यहां का काम पूरा होने से खजराना चौराहा से गणेश मंदिर मार्ग सुगम हो जाएगा। पिछले काफी वक्त से ये काम जारी है। खास बात यह है कि पूरे सर्विस रोड का काम पूरा होने के बाद खजराना चौराहे पर जल जमाव की स्थिति नहीं बनेगी। साथ ही ट्रैफिक भी बेहतर हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, जोनल अधिकारी मोहित मिश्रा, उपयंत्री केतन लोट व अन्य उपस्थित थे।

## 11 जुलाई को इंदौर में होगा मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव

### देश के 1500 उद्योगपति आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राज्य में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, निवेश, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों को नई गति देने के उद्देश्य से आगामी 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। इस उच्चस्तरीय आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से शामिल होंगे और देशभर से आए संबंधित क्षेत्र के निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।



कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। उन्होंने नगर निगम, स्मार्ट सिटी, आईडीए, मेट्रो, पर्यटन व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां समयसीमा में पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर कोताही न हो। वर्षा को देखते हुए तैयारी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए दायित्व भी सौपें। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे। आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन में क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, मैट्रो, हुडको, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि की व्यापक भागीदारी रहेगी। प्रदर्शनी में इनसे संबंधित योजनाएं व प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान मेट्रो परियोजना के एमडी चैतन्य कृष्ण, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, आईडीए के सीईओ आर.पी. अहिरवार, एडीएम रोशन राय सहित सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आयोजन से इंदौर और मध्यप्रदेश को निवेश का नया आयाम मिलेगा।

## राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में सहायक है सुरभित सुमन काव्य कृति- डॉ. दवे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कविता का लक्ष्य सबका कल्याण होता है। शब्द की जमीन पर जब भावनाओं के बीज बोए जाते हैं तब कविता की फसल पल्लवित होती है। मन को सुमन बनाने का कर्म करती है कविता। ये बातें ख्यात कवि प्रो राजीव शर्मा ने वरिष्ठ शिक्षाविद् अनिल ओझा की साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा चयनित प्रथम कृति सुरभित सुमन काव्य संग्रह के लोकार्पण अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि 'कविता करना सरल नहीं है पूछो कलमकारों से, आग का दरिया पार कर रहे कागज की पतवारों से।' कार्यक्रम सराफा विद्या निकेतन के सभागृह में आयोजित किया गया। शुरुआत स्वाती वेजापुरकर ने सरस्वती वंदना से कीइस अवसर पर साहित्य अकादमी के निदेशक डा. विकास दवे ने कहा की इस संग्रह की रचनाओं में लेखक ने हृदय की भावनाओं को उकेरा है जो राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में सहायक है। डॉ योगेंद्र नाथ शुक्ल ने कहा कि कोई भी साहित्य बिना श्रेष्ठ समीक्षकों के ऊंचाइयां प्राप्त नहीं कर सकता। आज साहित्य में श्रेष्ठ समीक्षकों का अभाव होने लगा है, इसी का परिणाम यह है की लुगदी साहित्य ज्यादा लिखा जा रहा है।कृति पर चर्चा करते हुए मुकेश इंदौरी ने कहा कि ये कृति 71 पंखुड़ियों से गूंथा हुआ सुमन है जो समूचे परिवेश को सुरभित करने में सहायक है। ये कृति सभ्यता संस्कृति राष्टीयता की त्रिवेणी की संवाहक है। संचालन शिक्षाविद सुनयना शर्मा ने किया। आभार धीरेन्द्र ओझा ने माना।



## संजय कदम बने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निज सचिव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार संजय मनोहर कदम को नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का निज सचिव नियुक्त किया गया है। श्री कदम की यह पदस्थापना शासन द्वारा उनके अनुभव एवं प्रशासनिक दक्षता को दृष्टिगत रखते हुए की गई है। श्री कदम की यह पदस्थापना आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

# सुबह गूंजे विठ्ठला-विठ्ठला के जयकारे, शाम को ताजियों के साथ गूंजे या हुसैन...या हुसैन के नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के मराठीभाषियों द्वारा सुबह निकाली गई दिंडी यात्रा के स्वागत के लिए मार्गों पर मंच लगाए गए थे। महिला व पुरुष पारंपरिक परिधानों में यात्रा में शामिल हुए। भगवान की पालकी फूलों से सजी हुई थी।**

आषाढ़ी या पंढरपुरी एकादशी और मोहर्रम रविवार को इंदौर में एक साथ मनाए गए। शहर के मध्य हिस्से से सुबह से शाम तक धार्मिक जुलूस निकले। सुबह भगवान विठ्ठल की पालकी कृष्णपुरा छत्री से पंढरीनाथ मंदिर तक पहुंची। भक्तों ने विठ्ठला-विठ्ठला के जयकारे लगाए तो शाम को मुस्लिम समाज ने ताजिए के साथ जुलूस निकालकर मातम मनाया। इस दौरान या हुसैन... या हुसैन... के नारे लगाए गए। शहर के मराठी समाज द्वारा सुबह निकाली गई पालकी यात्रा के स्वागत के लिए मार्गों पर मंच लगाए गए थे। महिला व पुरुष पारंपरिक परिधानों में यात्रा में शामिल हुए। भगवान की पालकी फूलों से सजी हुई थी। कृष्णपुरा छत्री पर सुबह दस बजे यात्रा में शामिल होने के लिए मराठीभाषी



परिवार शामिल होने लगे थे। पुरुष कुर्ता पायेजामा और महाराष्ट्रीयन टोपी पहन कर आए थे तो महिलाएं लुगड़ा पहन कर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा पंढ़रीनाथ मंदिर तक पहुंची। इसके बाद भक्तों ने पूजा अर्चना की और प्रसाद बांटा। रामबाग से भी पार्षद सुरेश टाकलकर ने एकादशी दिंडी यात्रा निकाली। इसमें नारायण बाग, पंत वैद्य कॉलोनी, जती कॉलोनी, रामबाग के लोग शामिल हुए। यात्रा में अण्णा महाराज भी शामिल हुए। शाम को मुस्लिम समाज ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का जुलूस निकाला। समाजजन ताजिए लेकर निकले। सबसे पहले राजवाड़ा के समीप इमामवाड़ा से सरकारी ताजिया निकला। उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों से ताजिया लेकर आए लोग जुलूस में शामिल हुए। मन्त्री शेर भी जुलूस में शामिल हुए। ताजिए के नीचे से अपनी मुराद पूरी करने की आस में लोग निकले। राजवाड़ा, गुरुद्वारा, मच्छीबाजार, मोती तबेला होते हुए जुलूस कर्बला मैदान तक पहुंचा। समाजजन या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके बाद ताजिए ठंडे किए गए।

## आज इंदौर आएंगे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, होगा कार्यकर्ता सम्मेलन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सोमवार को इंदौर नगर भाजपा एक कार्यकर्ता सम्मेलन करने जा रही है। इसमें पार्टी के नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल होंगे। भाजपा उनके स्वागत में रैली भी निकालेगी। इसकी अनुमति भी प्रशासन से ली गई है। 7 जुलाई को हेमंत खंडेलवाल खजराना गणेश मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद दाता बंदीछोड़ गुरुद्वारे पर अरदास करेंगे। गुरुद्वारे से राऊ विधानसभा के कार्यकर्ता उन्हें कार्यक्रम स्थल सोलरिस होटल गार्डन तक रैली के रूप में लेकर आएंगे। अन्य विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

## डॉक्टरों ने थामा माइक और गिटार, ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित किया कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आनंद मोहन माथुर सभागृह में रविवार शाम को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। सर्जरी, स्कैन और स्टेथोस्कोप से रोजाना लोगों की जिंदगी संवारने वाले डॉक्टरों ने जब माइक, सेक्सोफोन और गिटार संभाला, तो मंच पर सिर्फ संगीत नहीं गूंजा बल्कि श्रोताओं को 'हीलिंग' का नया अनुभव मिला। 'द हीलिंग स्टॉर्म' नाम से डॉक्टरों के इस बैंड ने शहर में पहली बार लाइव कॉन्सर्ट किया, जिसमें बॉलीवुड से लेकर सूफी तक हर रंग के गाने पेश किए गए।**



### डॉक्टर्स ने बजाए हर वाद्य, सेक्सोफोन से लेकर कांगो-बोंगो तक

बैंड की खास बात यह रही कि मंच पर सिर्फ डॉक्टर ही नहीं गा रहे थे, बल्कि हर वाद्य यंत्र भी वे खुद ही बजा रहे थे। रुमेटोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत पांडे सिंगिंग के साथ सेक्सोफोन और हैंडपैन बजाते नजर आए। लीड वोकलिस्ट रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शेलेक्षी वर्मा की आवाज ने समां बांधा। प्लास्टिक सर्जन डॉ. अश्विनी डैश ने गिटार पर कमाल किया, जबकि न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुशांत आहिलदासानी ने रिदम गिटार से ताल दी। पैथोलॉजिस्ट डॉ. अमित वर्मा कांगो-बोंगो जैसे परकशन इंस्ट्रूमेंट्स पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। बेस गिटारिस्ट हिमांशु वर्मा थे जिनके साथ ऋषभ जैन और आनंद बेनल ने खूबसूरत प्रस्तुति दी।

### तीन महीने से कर रहे थे रात 9 से 12 बजे तक प्रैक्टिस

डॉ. अक्षत बताते हैं कि हमारा सपना था कि एक ऐसा बैंड हो जिसमें डॉक्टर हर वाद्य खुद बजाएं। पिछले छह महीने से हम इसकी तैयारी में थे और तीन महीने से हर दूसरे दिन रात 9 से 12 बजे तक प्रैक्टिस करते रहे। दिन भर की सर्जरी, मरीज और फैमिली के बीच समय निकालकर हमने इस पैशन को जिया। बैंड का नाम 'द हीलिंग स्टॉर्म' रखने के पीछे भी एक सोच है। जैसे तूफान धीरे-धीरे आता है और फिर सबको अपनी लहर में बहा लेता है, वैसे ही यह संगीत लोगों को धीरे-धीरे हील करता है, यह सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, एक थेरेपी है।

### संयुक्त आयोजन में चार संस्थाओं का सहयोग

इस आयोजन में आर्थराइटिस एंड बोन केयर सोसाइटी, इंदौरी आर्टिस्ट, मेडकेयर पैथोलॉजी और प्रवाह रियल्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभागृह में बड़ी संख्या में शहरवासी, डॉक्टर्स और म्यूजिक प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों से कलाकार डॉक्टरों का उत्साह बढ़ाया।

## विशाल नवरात्रि महामहोत्सव का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इस वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर एक भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में विशाल नवरात्रि महामहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को आयोजन स्थल पर कृष्णगिरी पीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरि महाराज के पावन करकमलों से भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों और भक्तगणों की उपस्थिति रही। इस 11 दिवसीय दिव्य आयोजन का मार्गदर्शन कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरि महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजन के दौरान पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन भोजन प्रसादी, बच्चों के लिए खेलकूद और संस्कार केंद्र, विशेष संत दर्शन एवं सेवा मंच के साथ हजारों स्वयंसेवकों की भागीदारी रहेगी।

## यूका कचरे की 700 टन राख बारिश के बाद पीथमपुर में होगी दफन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर। 40 साल पहले भोपाल में पांच हजार से ज्यादा लोगों को मौत की नींद सुलाने वाले वाली यूनियन कार्बाइट फैक्ट्री के जहरीले कचरे का नामोनिशान मिट गया। 337 टन कचरे को पीथमपुर के रामकी भस्मक में जला दिया गया,लेकिन अब कचरे की बची 700 टन राख पीथमपुर वासियों के लिए चिंता का विषय है। यह राख भस्मक के परिसर में ही दफन होगी। वर्षाकाल बीतने के बाद उसे लैंडफील किया जाएगा। फिलहाल उसे लीकप्रूफ बैगों में सुरक्षित रखा गया है। बची राख में कौन-कौन से तत्व है। इसकी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग पीथमपुर की समिति कर रही है। उनका कहना है कि 12 साल पहले भी 20 टन भोपाल का कचरा इंदौर लाकर चुपचाप दफन कर दिया गया था। उसके बाद गांव के बोरिंग व बावड़ी दूषित हो गई। बोरिंगों का पानी ग्रामीण इस्तेमाल नहीं करते है। कंपनी के परिसर में कचरे को दफनाने के लिए 30 हजार से ज्यादा वर्गफीट चौड़ाई में गड्ढा खोदा गया है। उसे काले रंग के विशेष प्लास्टिक से कवर किया गया है। उसके भीतर वैज्ञानिक तरीके से राख को रखा जाएगा। बाद में कचरे की उपरी सतह को भी पैक किया जाएगा। पहले जहां कचरा दफन किया गया है। उसके समीप पीथमपुर का ट्रेंचिंग ग्राउंड तैयार किया गया है। इसके अलावा वहां कुछ किसानों की खेती की जमीन भी है।

## मंदिरों में ड्रेस कोड का फरमान! मिनी स्कर्ट, क्राप टॉप जैसे वेस्टर्न कपड़ों को लेकर लगे पोस्टर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जिले में एक पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। यह पोस्टर मंदिरों के बाहर लगाया गया जिस पर लिखा है कि मंदिर परिसर में भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही कपड़े पहन कर अंदर प्रवेश करें। बताया जा रहा है कि यह पोस्टर हिन्दूवादी संगठन ने शहर के कई मंदिरों के बाहर लगाया है। पोस्टर में कहा गया है कि मिनी स्कर्ट,जींस-टॉप तथा वेस्टर्न कपडे पहनकर आने पर बाहर से दर्शन करें।

दरअसल, जबलपुर शहर में महाकाल संघ अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल ने मंदिरों के बाहर पोस्टर लगाया है और उसमें लिखा है, 'निवेदन है कि मंदिर परिसर में भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही वस्त्र पहनकर प्रवेश करें। छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बरमुंडा, मिनी स्कर्ट, नाइट-शूट, कटी फटी जींस और क्राप टॉप आदि वेस्टर्न कपड़े पहनकर आने पर मंदिर के बाहर से ही दर्शन करें। बालिकाएं और महिलाएं मंदिर परिसर में सिर ढक कर प्रवेश करें। पोस्टर पर आगे लिखा है कि इसे अन्यथा न लें और भारतीय संस्कृति आपको ही बचानी है। पोस्टर में निवेदक के रूप में महाकाल संघ अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल लिखा हुआ है। इस पोस्टर को लेकर अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मीडिया प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि ऐसे पोस्टर शहर के लगभग 30 से 40 मंदिरों में लगाए गए हैं। इन पोस्टरों को शहर के अन्य मंदिर में भी लगाया जायेगा। महिलाएं ही धर्म के कार्य में सबसे आगे आती हैं। भारतीय संस्कृति को बचाना उनके हाथों में है। मेरा उनसे निवेदन है कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप कपड़े पहनकर मंदिर परिसर में प्रवेश करें।

# वनवासियों के कल्याण के लिए करें सभी प्रबंध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- सरकार वनवासियों के साथ है, यह भावना जन जन तक जानी चाहिए
- दुग्ध उत्पादन के जरिए जनजातीय भाई-बहनों की बढ़ाएं नकद आय
- पेसा मोबलाईजर की नियुक्ति के अधिकार अब ग्राम सभाओं को देगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्नेह का बंधन एकतरफा नहीं होना चाहिए। राज्य सरकार हर पल वनवासियों के साथ खड़ी है, यह बात पूरी शिद्दत से उन तक पहुंचनी चाहिए। सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें। वनवासियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं। इस सम्मेलन के जरिए सरकार इन बच्चों को उन तक पहुंचने वाले लाभ का फीड-बैक भी लेगी और जिन्हें जरूरत है, उन तक सरकार की योजनाएं तथा सुविधाएं भी पहुंचाई जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा इसी विषय के लिए गठित कार्यकारी



समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कार्य एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर 2025 तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट यानि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इसमें पेसा मोबालाईजर्स के जरिए जनजातियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देकर योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जाता है। इन सभी पेसा मोबालाईजर्स की अपने काम पर उपस्थिति और उच्च कोटि का कार्य प्रदर्शन फील्ड में दिखाई भी देना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा मोबालाईजर्स को नियुक्त करने और संतोषजनक प्रदर्शन न करने पर इन्हें हटाने के अधिकार सरकार अब ग्राम सभाओं को देने जा रही है।इस निर्णय से एकरूपता आएगी और ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वनवासियों की बेहतरी के लिए संकल्पित है। उनके सभी हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन विभाग का मैदानी अमला यह सुनिश्चित करे कि वन भूमि पर अब कोई भी नये अतिक्रमण कदापि न होने पाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के 'जलयुक्त शिविर' अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल मध्यप्रदेश में भी अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों द्वारा इस अधिनियम के अमल के लिए की जा रही कार्यवाही के सभी पहलुओं का अध्ययन कर लें और जो सबसे उपयुक्त है उसी मॉडल पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विधायकों द्वारा विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया है। वनाधिकार अधिनियम और पेसा कानून के अमल के लिए समुचित प्रावधान भी इसी विजन डॉक्यूमेंट में शामिल कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार क्रमबद्ध रूप से विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों और अन्य जनजातीय बहुल गांव, मजरों-टोलों तक सड़कों का निर्माण कर रही है। ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना में पेसा कोष की राशि खर्च करने का अधिकार भी संबंधित पेसा ग्राम सभा को दिया जा रहा है।

# सरकारी-निजी सभी एंबुलेंस एक सॉफ्टवेयर से चलाएगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। मध्यप्रदेश सरकार ने राहवीर योजना के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसके अंतर्गत राज्य की सभी सरकारी और निजी एंबुलेंस को एक ही सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित किया जाएगा। यह कदम प्रदेश को एंबुलेंस सेवाओं के एकीकृत प्रबंधन में एक नया आयाम प्रदान करेगा।**

मध्यप्रदेश संभवतः ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा, जहां सभी एंबुलेंस एक ही प्लेटफार्म पर संचालित होंगी। राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। वर्तमान




में, प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग, एमपीआरडीसी, एनएचएआई और निजी एंबुलेंस सेवाएं संचालित हैं, लेकिन अब परिवहन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर एक ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित कर रहे हैं, जो सड़क दुर्घटना की लोकेशन के आधार पर सबसे नजदीकी एंबुलेंस को बुलाएगा। इस योजना के तहत डायल-100 सेवा को एंबुलेंस सेवा के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे घायल व्यक्तियों को शीघ्र सहायता मिल सकेगी। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के पास लगभग एक हजार एंबुलेंस हैं, जिनमें 300 जननी एक्सप्रेस भी शामिल हैं। इन सभी एंबुलेंस को भी इस नए सॉफ्टवेयर से जोड़ा जाएगा, ताकि घायल व्यक्तियों को गोल्डन टाइम में अस्पताल पहुंचाया जा सके। राहवीर योजना के लागू होने के बाद एंबुलेंस सेवाओं की भूमिका की समीक्षा की गई है। वर्तमान में, स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न एजेंसियों के बीच एंबुलेंस सेवाओं का संचालन एकीकृत नहीं है। जैसे कि हाइवे पर एंबुलेंस की सहायता के लिए एनएचएआइ का नंबर और 108 सेवा अलग है। अब राहवीर योजना के तहत घायलों के गोल्डन टाइम को बचाने के लिए एक ही कॉल पर सबसे नजदीकी एंबुलेंस भेजी जाएगी। डायल-100 सेवा के अंतर्गत आपातकालीन कॉल करने पर सूचना दी जाती है, और अब यह कॉल भी इसी सॉफ्टवेयर पर दर्ज होगी। जब सड़क दुर्घटना की सूचना मिलेगी, तो सबसे नजदीकी एंबुलेंस तुरंत भेजी जाएगी।

# 12 साल तक घर बैठे सैलरी लेता रहा एमपी पुलिस का कॉन्स्टेबल

## फाइल खुली तो अधिकारी हैरान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में सरकारी विभागों की घटनाएं चौंका देती है। एक पुलिस कॉन्स्टेबल 12 साल तक घर पर रहा और उसे वेतन मिलता रहा। इस मामले की जांच स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।**

डीजीपी के आदेश के बाद यह मामला सामने आया। डीजीपी ने उन पुलिसकर्मियों का तबादला करने का आदेश दिया जो लंबे समय से एक ही थाने और कार्यालय में तैनात थे। अधिकारियों को प्रत्येक पुलिसकर्मी का विवरण डिजिटल करने के लिए कहा गया था। जांच में पता चला कि विदिशा जिले का रहने वाला कॉन्स्टेबल 2011 में पुलिस सेवा में भर्ती हुआ था। प्रशिक्षण के बाद, उसे पुलिस लाइन्स भेजा गया। वहां कुछ समय बिताने के बाद, उसे आगे के प्रशिक्षण के लिए सागर भेजा गया। उस समय के प्रभारी अधिकारी ने उसका सर्विस रिकॉर्ड सौंप दिया और उसे सागर भेज दिया। लेकिन, कॉन्स्टेबल किसी कारण से सागर में ड्यूटी ज्वाइन करने के बजाय घर लौट आया। उसने स्पीड-पोस्ट के माध्यम से अपना सर्विस रिकॉर्ड पुलिस लाइन्स को वापस भेज दिया। अधिकारियों ने उसे जमा कर लिया। तब से, किसी भी अधिकारी ने कॉन्स्टेबल और उसकी वर्तमान पोस्टिंग पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि, उसका वेतन नियमित रूप से 12 वर्षों तक उसके बैंक खाते में ट्रांसफर होता रहा। पुलिस सूत्रों ने कहा कि जांच के बाद ट्रांसफर किए गए वेतन की वसूली की जाएगी। यह राशि कई लाख हो सकती है।

डीजीपी मुख्यालय श्रद्धा तिवारी ने मीडिया को बताया कि टीटी नगर अंकिता खटारकर इस मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद कांस्टेबल और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारी बारिश से नाले में बहा शिक्षक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। भू-अभिलेख के मुताबिक 6 जुलाई तक जिले में 216 मिलीमीटर (8.5 इंच) बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश से जिले के नदी-नाले उफान पर है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक वैनगंगा नदी का जलस्तर 12 फीट तक पहुंच गया है। किरनपुर थाना क्षेत्र के किन्ही चौकी के अंतर्गत सिरका नाले में एक व्यक्ति बह गया। डीआरसी की बचाव टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद कोदोबर्रा निवासी जहरू सिंह सैयाम (52) का शव बरामद किया। जहरू सिंह अपने भाई कृपाल सिंह के साथ खेत से लौटते समय नाला पार करते वक्त बह गए थे।

## संपादकीय

### स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट बना रहा भारत

दुनिया के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक ब्रिटिश रॉयल नेवी का F-35B 14 जून को तिरुवनंतपुरम में इमरजेंसी लैंडिंग करने के लिए मजबूर हो गया। इससे एक अनोखी स्थिति पैदा हो गई। यह घटना वैश्विक सैन्य तकनीक के समीकरणों को बदल सकती है। अब, लगभग तीन हफ्ते बाद ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम एयर इंडिया के एमआरओ (Maintenance, Repair and Overhaul-MRO) हैंगर में मरम्मत का काम शुरू कर रही है। इस काम में इस विमान की अमेरिकी निर्माता कंपनी के इंजीनियर भी योगदान देने के लिए तिरुवनंतपुरम पहुंचे हैं। अमेरिकी और ब्रिटिश विशेषज्ञों की यह एक नई श्रृंखला है। ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स का एयरबस ए400ओम एटलस इन्हें उतारकर तुरंत लौट चुका है। इससे पहले कितने ही इंजीनयर आए और विमान को उड़ने लायक बनाने में नाकाम होकर अपने-अपने देश लौट गए। भारत शुरू से चाहता था कि इस फाइटर जेट को मेंटेनेंस हैंगर में ले जाकर आराम से मरम्मत की कोशिश की जाए। लेकिन, अभी तक ब्रिटिश नेवी ऐसा नहीं करने के लिए अड़ी हुई थी। लेकिन, आखिरकार उन्हें भारत की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ गया। बहरहाल,इस वजह से भारत एक दुर्लभ तकनीकी परिस्थितियों के बीच खड़ा है। F-35B में आई अचानक तकनीकी खराबी ब्रिटेन और अमेरिका के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। लेकिन भारत के लिए यह एक सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। यह विमान 110 मिलियन डॉलर से अधिक का है। इसे कड़ी सुरक्षा में रखा जाता है। यह तब भी देखने को मिला, जब एयरपोर्ट के वीआईपी पार्किंग से इसे एमआरओ हैंगर में खींचकर ले जाया जा रहा था। अब यह अत्याधुनिक अमेरिकी लड़ाकू विमान भारतीय MRO तकनीशियनों और ग्राउंड टीमों की नजरों के सामने है। भले ही जानबूझकर ऐसा न किया जाए, लेकिन संयोग से ऐसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं कि इस स्टील्थ जेट की बनावट, कूलिंग सिस्टम, कोटिंग तकनीक और सेंसर अलाइनमेंट को देखकर भारतीय इंजीनियरों को भी बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। उन्हें अत्याधुनिक अमेरिकी स्टील्थ टेक्नोलॉजी के बारे में नई जानकारियां मिल सकती हैं। यह भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपना पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान, एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) बना रहा है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) वर्षों से स्टील्थ तकनीक पर काम कर रहा है। लेकिन, असली जानकारी और तुलनात्मक डिजाइनिंग के लिए प्रोटोटाइप की कमी के कारण काम में मुश्किलें आती हैं। भारत में F-35B की मौजूदगी से यह देखने को मिलेगा कि एक असली स्टील्थ जेट की तकनीक अंदर से कैसी होती है, उसकी मरम्मत कैसे होती है, और उसे कैसे सर्विस किया जाता है। F-35B कोई साधारण लड़ाकू विमान नहीं है। इसे लॉकहीड मार्टिन जैसी अमेरिकी कंपनी ने बनाया है। इसे नाटो (NATO) के कई देश इस्तेमाल करते हैं।

isha



हमारे पास जो भी योग्यता, क्षमताएं, और प्रतिभा होती है - ये सब तभी मायने रखते हैं जब हमारे अंदर संतुलन हो।

– जग्गी वासुदेव

सैर सपाटा

# नैनीताल से मात्र 50 किमी दूर बना है शिव मंदिर

## पांडवों ने स्थापित की थी शिवलिंग



हरे-भरे पहाड़ों की ऊंची चोटी पर भोले बाबा के कई मंदिर है। भगवान शिव के कुल 18 मुख्य मंदिरों में इस मंदिर की गिनती होती है। नैनीताल से मात्र 50 किलोमीटर की दूरी पर बसा है मुक्तेश्वर महादेव का मंदिर। जहां पर आने वाले भक्तों की मुराद जरूरी पूरी होती है। पहाड़ों की ऊंची चोटी पर बने इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग का इतिहास पांडवों के समय का है। जानें कहां बना है मुक्तेश्वर महादेव का मंदिर।

### पांडवों ने शिवलिंग किया था स्थापित

नैनीताल से 50 किमी की दूरी पर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर को लोग टूरिस्ट अट्रैक्शन मानते हैं। लेकिन इस मंदिर में मौजूद शिवलिंग बेहद प्राचीन है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर में मौजूद शिवलिंग लगभग 5350 साल पुराना है। जिसे पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान बनवाया था। यहां शिवलिंग के अलावा भगवान हनुमान, विष्णु और पार्वती माता की भी मूर्तियां स्थापित हैं। इस मंदिर में साधु-सन्तों का आश्रम है। इस मंदिर में साधु मुक्तेश्वर महाराज जी समाधि भी बनी है। जिनके शिष्य आज भी इस मंदिर से सटे एक कमरे में रहते हैं।

### मुक्तेश्वर महादेव का मंदिर कहां पर है

मूलरूप से ये मंदिर 2312 मीटर की ऊंचाई पर बने मुक्तेश्वर नाम की चोटी पर बना है। ये मंदिर नैनीताल जिले में आता है। नैनीताल से किसी भी प्राइवेट कैब या टैक्सी से इस मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। वहीं जो लोग नैनीताल जाते हैं वो यहां दर्शन करने अक्सर जाते हैं। तो अगली बार नैनीताल जा रहे हों तो इस मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन जरूर कर लें।

New Delhi

# भारी बारिश से उत्तर भारत हुआ तरबतर हिमाचल-उत्तराखंड में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन भी हल्की बारिश की संभावना जताई है। देश के कई हिस्सों में बारिश और बाढ़ ने तबाही मचाई है। पहाड़ से लेकर मैदान तक सैलाब ही सैलाब नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का संभावना जताई है।



मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार के लिए मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के तराई जिलों सहारनपुर, शामली, बरेली, पीलीभीत समेत और उत्तराखंड और दिल्ली एनसीआर से सटे कुल 16 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 47 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले तीन चार दिन फिलहाल मानसूनी बारिश के मद्धिम पड़ने के संकेत हैं। इस दौरान पूर्वांचल के इलाकों में बादलों की आवाजाही के साथ छिटपुट बूंदाबांदी के ही आसार हैं। फिलहाल यहां अच्छी बारिश की संभावना न के बराबर है। मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश व कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

Uttarpradesh

## अंगूठी और नग बेचने वाला यूपी का छांगुर बाबा 100 करोड़ का मालिक!

**लेन-देन का ब्यौरा मिला, अब ED करेगी जांच**



**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी का रहने वाला जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा एक ऐसा नाम है जो कुछ साल पहले तक सड़कों पर अंगूठी और नग बेचता था, उसे अब 100 करोड़ की संपत्ति का मालिक बताया जा रहा है. एटीएस की जांच में पता चला है कि छांगुर बाबा और उसकी संस्थाओं से जुड़े खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन हुआ है.

छांगुर बाबा की इस करतूत की एटीएस ने विस्तृत रिपोर्ट बनाकर ईडी को दी है. अब इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत जांच हो सकती है. यह वही छांगुर बाबा है जिसे यूपी एटीएस ने अवैध धर्मांतरण का नेटवर्क चालने के आरोप में गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि कभी नग और अंगूठियां बेचने वाला छांगुर बाबा, महज 5-6 साल में आलीशान कोठी, लग्जरी गाड़ियां और कई फर्जी संस्थाओं का मालिक बन गया. मधपुर गांव की कोठी उसके नेटवर्क का मुख्य अड्डा था. जहां से उसका पूरा नेटवर्क संचालित होता था.

छांगुर बाबा के नेटवर्क के 14 मुख्य सहयोगियों की तलाश में एटीएस और एसटीएफ की टीमें जुटी हैं. इनमें कथित पत्रकार से लेकर अन्य नामचीन चेहरे शामिल हैं. जिन नामों की तलाश है उनमें महबूब, पिंकी हरिजन, हाजिरा शंकर, पैमैन रिजवी (कथित पत्रकार) और सगीर शामिल हैं.

Maharashtra

**एक और सोनम रघुवंशी!**

## आसिफ की आशिकी में दिशा ने पति को मारा, बिस्तर पर ली जान

**नागपुर, (एजेंसी)** नाजायज संबंधों की खातिर पति की हत्या का एक और मामला सामने आया है। घटना महाराष्ट्र के नागपुर की है। खबर है कि यहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर गंभीर रूप से बीमार पति का कत्ल कर दिया। हालांकि, महिला ने पहले तो पुलिस को काफी गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन कड़ी पूछताछ के सामने वह टूट गई और सारी सच्चाई उगल दी।

पुलिस का कहना है कि 30 वर्षीय महिला दिशा रामटेक ने बिस्तर पर पड़े पति चंद्रसेन रामटेक की आशिक आसिफ उर्फ राजाबाबू टायरवाला की मदद से हत्या कर दी। मामला तारोड़ी खुर्द इलाके का है। खबर है कि लकवा का शिकार होने के बाद से ही रामटेक बिस्तर पर था और उसका इलाज चल रहा था। पुलिस का कहना है कि पति की बीमारी के चलते ही दिशा और आसिफ का प्यार परवान चढ़ा। अब जब चंद्रसेन को दिशा और आसिफ के रिश्ते का पता चला, तो जमकर विवाद शुरू हो गया। पुलिस का कनहा है कि इस तनाव के बाद ही चंद्रसेन को रास्ते से हटाने की साजिश की गई थी।

Bihar

## पटना के बाद अब नालंदा में मर्डर, घर में घुसकर दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**नालंदा, (एजेंसी) बिहार के नालंदा जिले में रविवार को बच्चों के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया. जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के दो लोगों को घर में घुसकर गोली मार दी. जिससे दोनों लोगों की मौत हो गई. घटना दीपनगर थाना इलाके के डुमरावां गांव की बताई जा रही है. फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार बच्चों के मामूली विवाद में दो पड़ोसी भिड़ गए. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर गोली चला दी. जिससे दो लोगों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान अन्नू कुमारी और हिमांशु कुमार के रूप में हुई है. इस घटना से इलाके में सनसनी



फैल गई है.

पुलिस ने बताया कि बच्चों के मामूली विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतकों की पहचान अन्नू कुमारी और हिमांशु कुमार के रूप में हुई है. घटना डुमरावां गांव की है. फिलहाल आगे की जांच की जा रही है. मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

खेल

## भारतीय टीम ने तोड़ा बर्मिंघम का तिलिस्म, टेस्ट में रनों के लिहाज से हासिल की अपनी चौथी बड़ी जीत

**बर्मिंघम, (एजेंसी)** भारतीय टीम ने बल्लेबाजों के बाद आकाश दीप की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से हराया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। भारत के लिए यह बर्मिंघम में ऐतिहासिक जीत है क्योंकि इससे पहले टीम ने यहां पर कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा और एजबेस्टन में तिरंगा लहरा दिया।



भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे और इंग्लैंड को 407 रन पर आउट कर 180 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने शुभमन गिल के शतक की मदद से दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की थी और कुल 607 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड के सामने 608 रनों का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड की दूसरी पारी पांचवें दिन 271 रन पर ऑलआउट हुई और भारत ने जीत हासिल की।

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती थी। भारत का एजबेस्टन पर रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल था जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की थी। इस मैच से पहले बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले थे जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा था, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। लेकिन गिल की अगुआई में भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एजबेस्टन में इतिहास रच दिया।

भारत को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और नए टेस्ट कप्तान गिल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। लेकिन गिल ने हार नहीं मानी और इंग्लैंड के गढ़ कहे जाने वाले एजबेस्टन में जीत हासिल कर सीरीज में मजबूत वापसी की। गिल के नेतृत्व में भारत को पहली बार टेस्ट में जीत मिली। गिल एशिया के पहले कप्तान हैं जिन्होंने इंग्लैंड को बर्मिंघम में मात दी है।

भारत की यह विदेश में रनों के लिहाज से टेस्ट में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉर्थ साउंड में 318 रनों से मैच जीता था। वहीं, रनों के लिहाज से टेस्ट में ओवरऑल उसकी चौथी बड़ी जीत है। गिल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है।

इस जीत के साथ भारत डब्ल्यूटीसी के नए चक्र (2025-27) की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दो मैचों में पहली जीत के साथ उसके खाते में 12 अंक हो गए हैं और अंक प्रतिशत 50 का है। वहीं, इंग्लैंड इस हार के साथ 12 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया।

सिनेमा

## रणवीर सिंह की डॉन 3 की शूटिंग और रिलीज डिटेल आई सामने, प्रियंका चोपड़ा बनेंगी रोमा



फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बन रही रणवीर सिंह स्टारर फिल्म डॉन 3 चर्चित फिल्मों में से एक है। अगस्त 2023 में एक वीडियो के साथ डॉन 3 का ऐलान हुआ था। लेकिन तब से लेकर अब तक इस फिल्म की शूटिंग लगातार किसी ना किसी वजह टलती रही है। लेकिन अब एक नई खबर सामने आ रही है। ये खबर रणवीर के फैंस को खुश कर सकती है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग जनवरी 2026 से शुरू हो सकती है और इसे दिसंबर 2026 में थिएटर में रिलीज करने की प्लानिंग चल रही है। साथ ही बताया जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा भी डॉन में वापसी करने वाली हैं। डॉन 3 के लिए पहले कियारा आडवाणी को फीमेल लीड के तौर पर कास्ट किया गया था, लेकिन एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की वजह उनके इस प्रोजेक्ट से बाहर होने की खबर सामने आई थी। अब खबरें हैं कि प्रियंका चोपड़ा डॉन से अपनी वापसी कर सकती हैं। उन्हें रोमा के किरदार में वापस देखा जा सकेगा। अगर ऐसा होता है तो रणवीर सिंह और प्रियंका चोपड़ा की ये चौथी फिल्म साथ में होगी। इससे पहले दोनों गुंडे, दिल धड़कने दो और बाजीराव मस्तानी में साथ काम कर चुके हैं।

## Highlights

1. **What is World Zoonoses Day, which is being observed on July 6?**
2. **Kerala man strangles daughter to death, confesses to crime**
3. **Govt shares pics showing Shubhanshu Shukla observing Earth from ISS' 7-window Cupola**
4. **Deeply saddened about loss of lives: PM Modi on Texas floods**
5. **CA May 2025 results out, Rajan Kabra tops Final exam**

# How did US trader Jane Street allegedly cheat Indian markets to make ₹36,500 crore

**NEW DElHI, (Agency).** The Securities and Exchange Board of India (SEBI) has taken unprecedented action against Jane Street, one of the world's largest quantitative trading firms. The regulator has banned the US-based company and its affiliated entities from the Indian securities market and ordered them to return ₹4,843 crore in alleged unlawful profits. Jane Street has denied the accusations.

What is Jane Street, and how big is it?

Jane Street is a global proprietary trading firm founded in 2000. It has over 3,000 employees and offices across the US, Europe, and Asia. The firm operates in 45 countries. Its footprint in Asia is growing rapidly, especially in Hong Kong.

According to a Reuters report, Jane Street had an annual revenue of $20.5 billion last year.




Jane Street's operations in India

According to SEBI, Jane Street's trading activity in India has been substantial. Between January 2023 and March 2025, it earned nearly $5 billion (about ₹36,671 crore) through index options trading.

Out of this, ₹4,843 crore is now under investigation as unlawful gains.

Jane Street first gained wider attention in India in 2023 when it sued Millennium Management, a rival hedge fund, in a US court. The case revealed that Jane Street had developed a profitable India-based options trading strategy, which earned it $1 billion in 2023 alone. The two firms settled the dispute later that year.

Besides that, media reports in April 2024 raised concerns about Jane Street's use of proprietary trading strategies in India.

After that, the regulatory body examined the firm's trading behaviour and issued a detailed interim order in July 2025.

What did the SEBI investigation reveal?

SEBI's interim order outlines serious allegations. News agency PTI reported that Jane Street is accused of manipulating index levels—especially the Nifty and Bank Nifty—on 21 different expiry days between January 2023 and May 2025.

# Trent shares fall: What drove investors away from the Tata Group firm?

**NEW DElHI, (Agency).** The retail firm's stock fell more than 11 percent, trading at ₹5,497 at noon. Trent is a Tata Group firm and a leading retail company in India.

Trent is known for its diverse portfolio of brands, including Westside, Zudio, and Star Market. It operates in various retail formats, including fashion, lifestyle, and grocery, and has been recognised for its strong growth and performance in the retail sector.

With such a strong base, what exactly happened that spooked the investors, leading to a bloodbath on Friday?

Trent shares fall: Here's what drove investors away- The stock




of Trent Limited came under selling pressure as analysts were hoping for a bigger growth than the company had and were left disappointed with the company's growth update for quarter 1.

Trent revealed that its standalone revenue grew 20 percent year-on-year to ₹5,061 crore for Q1 in the current fiscal year. That is lower than the expected 25 percent that the firm has targeted to achieve over the next few years. The company revealed that its store portfolio included 248 Westside, 766 Zudio (including 2 in the UAE), and 29 stores across other lifestyle concepts. According to analysts at Nuvama, a pickup in Zudio Beauty and the Star business can become the next big growth levers, but these businesses need to stabilise before scaling up.

According to its plans for the current financial year, Trent is adding 250+ stores in all formats combined. It might add more if it gets suitable market conditions and more investable properties.

Nuvama's analysts have cut Trent's revenue estimates by -5 percent for the current financial year and by -6 percent for FY 27 and the estimated gross operating profit by -9 percent and -12 percent, respectively.

# ओवरब्रिज पर पलटी बस, 9 घायल, एक नीचे दब गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के एमआईजी और खजराना इलाके के बीच बने ओवरब्रिज पर शनिवार रात करीब 2 बजे एक निजी कंपनी का आयशर वाहन पलट गया। इस हादसे में 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर हादसा किन कारणों से हुआ।**





एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, आयशर वाहन (क्रमांक MP09DQ8083) बंगाली चौराहा की तरफ से रोबोट चौराहा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस पलट गई और एक खंभे से जा टकराई। बस में सवार सभी यात्री झटके से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के दौरान एक व्यक्ति बस के नीचे दब गया था। उसे बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। काफी मशक्कत के बाद बस को ऊपर उठाकर व्यक्ति को बाहर निकाला गया। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। हादसे की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वाहन की अत्यधिक गति इसका प्रमुख कारण थी। बताया जा रहा है कि इस ओवरब्रिज पर दोनों ओर से वाहनों की रफ्तार आमतौर पर काफी तेज रहती है। तेज गति और मोड़ पर नियंत्रण न रख पाने के कारण यह दुर्घटना घटी। पुलिस अब वाहन चालक से भी पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# इंदौर जिला अस्पताल की बिल्डिंग में मजदूर को लगा करंट, मौत

## तेज बारिश में भीगते हुए लिफ्ट से रेत ऊपर चढ़ा रहा था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के जिला अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान रविवार शाम एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज बारिश के दौरान वह भीगते हुए लिफ्ट से रेत ऊपर चढ़ा रहा था। इसी दौरान उसे करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने उसे तत्काल अस्पताल की केजुअल्टी में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, घटना निर्माणाधीन गोविंद वल्लभ पंत जिला चिकित्सालय की है। रविवार शाम तेज बारिश के बीच संतोष (20) पुत्र सादर को करंट लग गया। साथियों ने उसे उठाकर अस्पताल लाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

संतोष की बहन मनीषा ने बताया कि वह काफी समय से अस्पताल परिसर की बिल्डिंग में मजदूरी कर रहा था। रविवार को तेज बारिश के बावजूद ठेकेदार द्वारा काम करवाया जा रहा था। संतोष गीले कपड़ों में ही लिफ्ट से रेत ऊपर खींच रहा था, तभी उसे करंट लगा।

पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवाया है और सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, संतोष ने कुछ समय पहले ही प्रेम विवाह किया था और उसके परिवार के सदस्य धार जिले के पास रहते हैं। पुलिस इस मामले में ठेकेदार की लापरवाही को लेकर जांच कर रही है।

# तालाब में डूबने से ज्योतिष की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खुड़ैल के पेडमी गांव में एक ज्योतिष की डूबने से मौत हो गई। वह अपने दो दोस्तों के साथ यहां पहुंचा था। शाम के समय वह तालाब में कमल तोड़ने गया था। इस दौरान वह पानी में दलदल में फंस गया और बाहर नहीं निकल पाया। दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। रात में सर्चिंग कर उसका शव रविवार को बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

खुड़ैल चौकी प्रभारी सत्येन्द्र सिंह सिसौदिया के मुताबिक, घटना पेडमी गांव की है। यहां तालाब में शनिवार देर शाम डूबने से वैभव (45) पुत्र जगदीश जोशी की मौत हो गई। सिसौदिया के अनुसार, वैभव उज्जैन के नानाखेड़ा का रहने वाला था, जो अपने दो दोस्तों, रितेश और शैलेन्द्र के साथ यहां पहुंचा था। शाम को बाइक से जाते समय वे पेडमी तालाब के पास पहुंचे। यहां माताजी को चढ़ाने के लिए कमल के फूल तोड़ने की वैभव ने जिद की। दोस्तों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। वह तैरते हुए तालाब में उतरा, जहां गहराई ज्यादा थी और वह दलदल में फंस गया। बाहर नहीं निकल पाने के कारण वह डूब गया। बाद में जब वह पानी में नजर नहीं आया तो दोस्तों ने ग्रामीणों को सूचना दी, फिर पुलिस को बुलाया गया। देर शाम सर्चिंग के दौरान उसका शव तालाब से बाहर निकाला गया। वैभव उज्जैन में एक ज्योतिष केंद्र से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में दोस्तों के बयान दर्ज किए हैं। मामले में पुलिस को एक वीडियो भी मिला है, जो दोस्तों ने तालाब में उसके जाने के दौरान बनाया था। वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है।

# वीडियो कॉन्फ्रेंस में सोनम और राज, कैमरे पर आया चेहरा

## जज ने पूछा 'कुछ कहना है ?' जवाब सुन बढ़ा दी 14 दिन की पुलिस रिमांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड के दो मुख्य आरोपियों, सोनम रघुवंशी और राज कुशवाह की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। अदालत ने यह फैसला शुक्रवार को सुनाया। असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर तुषार चंदा ने बताया कि आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने हिरासत बढ़ाने का फैसला किया। तुषार चंदा ने पत्रकारों को बताया कि कोर्ट ने जांच अधिकारी को जांच के लिए जरूरत पड़ने पर आरोपियों की पुलिस हिरासत मांगने की इजाजत दे दी है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान आरोपियों को कैमरे के सामने लाया गया और उनकी सेहत के बारे में पूछा गया। चंदा ने बताया कि दोनों स्वस्थ दिख रहे थे। कोर्ट में जज ने उनसे कुछ कहना है या नहीं, यह भी पूछा। चंदा ने कहा, 'दोनों ने कुछ भी कहने से मना कर दिया।' पुलिस हिरासत बढ़ने के बाद अब शिलॉग पुलिस केस को और मजबूत बनाने पर काम करेगी। सबूतों को इकट्ठा करने के बाद शिलॉग पुलिस की इस केस पर पकड़ और मजबूत हुई है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में, उनके पिता अशोक रघुवंशी ने सोनम से मिलने और अपने बेटे की हत्या का कारण जानने की इच्छा व्यक्त की है। राजा की हत्या 23 मई को हुई थी और उनका शव 2 जून को मेघालय की पहाड़ियों में मिला था। मेघालय पुलिस ने खुलासा किया कि राजा की पत्नी सोनम ने ही उनकी हत्या की है, जिसके बाद से राजा का परिवार हत्या का कारण जानना चाहता है। परिवार ने सोनम और अन्य आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग की है, जिसे शिलॉन्ग पुलिस ने अस्वीकार कर दिया है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक